

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**पवार बोले- 90 से 95% सीटों पर सहमति बनी**

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 ■ अंक : 201 ■ मंगलवार, 29 अक्टूबर 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

/ulhasvikas संपादक – हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

अंबरनाथ विधानसभा

## शिवसेना उबाठा के राजेश वानखेड़े ने पर्चा भरा



- महाविकास आघाड़ी के सभी नेता उपस्थित
- वानखेडे ने किया शक्ति प्रदर्शन
- कहा- किणीकर ने स्वत: का विकास किया, जनता का नहीं

⏭ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ विधानसभा क्षेत्र से शिवसेना उबाठा महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवार राजेश वानखेडे ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए सोमवार को तहसील कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया. उनके साथ सहयोगी दल एनसीपी शरद पवार के शहराधयक्ष सदाशिव पाटिल, कांग्रेस के नेता रोहित सालवे, आम आदमी पक्ष के फुलोरे आदि नेता उपस्थित थे. नामांकन फार्म भरने के बाद राजेश वानखेडे ने पत्रकारों को बताया कि ये लड़ाई गद्दार और इमानदार के बीच होगी. उन्होंने विधायक किणीकर पर सीधा हमला करते हुए कहा कि उन्होंने स्वतः का विकास किया है, जनता का विकास नहीं. किणीकर स्वतः कहते हैं कि उन्होंने एक हजार करोड़ रुपया कमाया है. दांतों के एक डॉक्टर के पास इतना पैसा आया कहां से. उन्होंने भ्रष्टाचार किया है. एमआईडीसी में उनके प्लॉट हैं. एक प्लॉट जो कोविड सेंटर के लिए रखा गया था, जो कि 4 करोड़ का प्लाट था, किणीकर ने 37 लाख रुपयों में लिया है. ऐसा आरोप वानखेडे ने लगाया है. ये भी तो एक बड़ा भ्रष्टाचार है. वानखेडे ने ये भी कहा कि विधायक ने जो अपने कार्य की लिस्ट पेश की है, वह सांसद ने भी चुनाव के सय पेश किया था, तो ये विधायक के कामों की लिस्ट मानी जा सकती है क्या? ऐसा प्रश्न उन्होंने किया है. एनसीपी अध्यक्ष सदाशिव पाटिल ने विधायक पर ये आरोप लगाया है कि उन्होंने किसानों के लिए कुछ नहीं किया. शहर में इतनी कंपनियां होते हुए पढ़े-लिखे बेरोजगार युवक घर पर बैठे हैं. वानखेड़े ने दोपहर में सबसे पहले अपने सहयोगी पक्ष के नेताओं, सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ पटाखों की आतिशबाजी के साथ छत्रपति शिवाजी महाराज को पुष्प अर्पण करके शक्ति प्रदर्शन किया. वहां से रैली निकालकर वह तहसील कार्यालय पहुंचे और अपना नामांकन दाखिल किया. पुलिस का तगड़ा बंदोबस्त रहा. पत्रकारों को चुनाव अधिकारी के कक्ष में जाने नहीं दिया गया.

# उल्हासनगर में चुनावी माहौल गरमाया

- आयलानी-कालानी ने नामांकन पत्र दाखिल किया
- वंचित आघाड़ी से गुप्ता ने भी भरा पर्चा
- आज राकांपा नेता गंगोत्री अपक्ष के तौर पर पर्चा दाखिल करेंगे
- मनसे से भालेराव भी दाखिल करेंगे आज उम्मीदवारी
- कुल 10 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए



कुमार आयलानी ने किया शक्ति प्रदर्शन



कालानी ने बिना शक्ति प्रदर्शन दाखिल किया नामांकन




**उल्हासनगर।** बुधवार 20 नवंबर को होने जा रहे उल्हासनगर 141 विधानसभा चुनाव क्षेत्र से चुनाव सरगर्मियां अब तेज हो गई है। सोमवार 28 अक्टूबर तक कुल 10 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए जिसमें भाजपा से कुमार आयलानी, राकांपा शरद पवार गुट से ओमी कालानी, वंचित बहुजन आघाड़ी से संजय गुप्ता, भाजपा से ही मीना कुमार आयलानी, अपक्ष मोहम्मद शहाबुद्दीन शेख, अमित उपाध्याय, अपक्ष अनिल जैसवाल, अपक्ष पूजा वाल्मीकि, अनिल तोतानी व मनोज सयानी का समावेश है। आज नामांकन पत्र भरने की अंतिम तारीख है जहां मनसे से भगवान भालेराव और राकांपा नेता भारत गंगोत्री भी नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। ज्ञात हो कि 30 अक्टूबर को सभी नामांकन पत्रों की जांच होगी और 3 नवंबर को नाम वापस लिए जाएंगे उसी दिन अंतिम उम्मीदवारों की सूची भी जारी होगी।

सोमवार सुबह 11 बजे भाजपा, शिवसेना, आरपीआय व राकांपा महायुति के संयुक्त उम्मीदवार कुमार आयलानी ने अपने कार्यालय से पवाई एसडीओ कार्यालय तक भव्य रैली निकालकर अपना शक्ति प्रदर्शन किया। रैली में महिला व पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए। महायुति से राकांपा अजित पवार गुट को छोड़कर सभी पक्ष ने एकजुटता से खड़े होकर नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं राकांपा शरद पवार गुट के उम्मीदवार ओमी कालानी ने बिना शक्ति प्रदर्शन के अपने सहयोगियों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया।

वंचित बहुजन आघाड़ी के उम्मीदवार संजय गुप्ता जिस पर वाशी के एपीएमसी मार्केट में बलात्कार का गुन्हा दो दिनों पूर्व दाखिल हुआ है उन्होंने भी उम्मीदवारी दाखिल की है। उन्होंने अपने उपर लगे आरोप झूठे बताए हैं। इन तीनों प्रमुख उम्मीदवारों के बाद आज अंतिम दिन पर दो अन्य प्रमुख उम्मीदवार नामांकन दाखिल करेंगे। जिसमें राकांपा अजित पवार गुट के जिलाध्यक्ष भारत गंगोत्री आज शक्ति प्रदर्शन करते हुए पर्चा दाखिल करेंगे। वहीं हाल ही में आरपीआय से निकाले गए और राकांपा टिकट से वंचित हुए भगवान भालेराव मनसे का टिकट लेकर आज नामांकन दाखिल करेंगे। अब यह लड़ाई इन पांच प्रमुख उम्मीदवारों के बीच ही होगी। ऐसा समझा जा रहा है। 2024 के उल्हासनगर विधानसभा चुनाव में कम उम्मीदवार मैदान में देखे जाएंगे। दीवाली बाद ही चुनाव का प्रचार शुरू होगा। आयलानी व कालानी के समर्थन में कोई भी प्रदेश स्तरीय नेता आया हुआ नहीं था।

## उल्हासनगर में फिर हुई हत्या








- खाने के विवाद को लेकर हुई हत्या
- पत्थर मारकर की व्यक्ति की हत्या
- पुलिस उपायुक्त परिमंडल-4 में कानून व्यवस्था बिगड़ी

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर पुलिस उपायुक्त परिमंडल-4 में इन दिनों कानून व्यवस्था बिगड़ गई है। 23 अक्टूबर को अंबरनाथ शिवमंदिर के पास संजय पाटील की हत्या के बाद उल्हासनगर-5 कैलाश कालोनी में 25 अक्टूबर को व्यापारी भरत दुसेजा की हत्या के बाद 27 अक्टूबर की रात उल्हासनगर-3 स्थित काजल पेट्रोल पम्प के पास एक व्यक्ति की निर्मम हत्या की गई है। खबर मिली है कि आरोपी के साथ खाने को लेकर हुए विवाद में राजा इब्राहिम शेख नामक व्यक्ति के सर पर पत्थर मारकर हत्या की गई है। यह घटना रविवार रात की बताई गई। मध्यवर्ती पुलिस में हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## दिवाली की खरीदारी व प्रचार जुलूसों से 'ट्रैफिक जाम'

- नागरिकों में भारी आक्रोश
- रिक्शा चालकों की हुई मुसीबत

**कल्याण.** दिवाली की वजह से खरीदारी के लिए नागरिक अपने परिवार के साथ निकले और वहीं, विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों के नामांकन और प्रचार जुलूस भी निकाले गये. इस कारण उल्हासनगर, अंबरनाथ, कल्याण-डोंबिवली हर जगह ट्रैफिक जाम देखा गया. दो दिनों से हर दिन शाम 4 बजे से ट्रैफिक जाम में फंसे नागरिकों ने आक्रोश व्यक्त किया है.



इस जाम का सबसे ज्यादा मार उस नौकरीपेशा वर्ग पर पड़ा जो शाम को काम से घर लौटता है। कई रिक्शा चालक शाम के व्यस्त समय से परेशान हैं। इसलिए, कई रिक्शा चालक सुबह से शाम तक यात्रियों के चक्कर लगाने के बाद ट्रैफिक जाम से बचने के लिए शाम 5 बजे के बाद रिक्शा बंद करना पसंद कर रहे हैं।

वहीं यात्रियों को काम से लौटने के बाद रिक्शा स्टैंड पर रिक्शा नहीं होने के कारण रिक्शा का इंतजार करना पड़ता है।

कल्याण पश्चिम में मोहम्मद अली रोड, शिवाजी चौक क्षेत्र में विक्रेताओं की भीड़ रहती है। सड़क पर यातायात इसमें और इजाफा करता है। इसलिए शिवाजी चौक, सहजानंद चौक इलाका सुबह से ही जाम में फंसा हुआ है. कल्याण-उल्हासनगर में खुदरा विक्रेता खरीदारी के लिए मुरबाड, शहापुर क्षेत्रों से वाहनों के साथ आते हैं। व्यापारी इन वाहनों को दुकानों के सामने खड़ा कर खरीदते हैं। इसलिए ये वाहन दुविधा को और बढ़ा देते हैं।

### अवैध पटाखों की दुकानें भी बनी सरदर्द

कई जगहों पर महापालिका की अनुमति के बिना राजनीतिक दलों के समर्थकों ने पटाखों की दुकानें खोल ली हैं. इन दुकान मंडपों के कोने कई स्थानों पर चौक और सड़क को बाधित कर रहे हैं। ऐसी शिकायतें हैं कि रिक्शा चालक और यात्री इन पटाखों के दुकानदारों को कुछ कहने पर धमकाते हैं। चूँकि अधिकांश पटाखा विक्रेता राजनीतिक दलों के समर्थक हैं, इसलिए मनपा अधिकारियों को दबाव के कारण ऐसे विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने ने बच रहे हैं.

## महेश गायकवाड़ ने किया शक्ति प्रदर्शन

- कल्याण पूर्व में त्रिकोनी होगी लड़ाई



कल्याण. शिवसेना से बगावत कर निर्दलीय मैदान में उतरे महेश गायकवाड़ ने सोमवार (28 अक्टूबर) को शक्ति प्रदर्शन किया। वह हजारों लोगों को लेकर सड़क पर उतरे। इस दौरान उन्होंने महायुति उम्मीदवार पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव जनता का होता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उन्हें बगावत करके चुनाव लड़ने का कोई शौक नहीं था, अगर सही उम्मीदवार को टिकट दिया जाता, लेकिन एक भ्रष्ट नेता को टिकट दिया गया है।

शिवसेना (शिंदे गुट) से बगावत कर निर्दलीय प्रत्याशी महेश गायकवाड़ ने कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र से अपनी उम्मीदवारी दर्ज की है। उन्हें भारी जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है।

जनता की इस भीड़ को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि इस बार चुनाव परिणामों में अप्रत्याशित मोड़ आ सकता है। भाजपा, शिवसेना (ठाकरे गुट), वंचित बहुजन आघाडी और निर्दलीय प्रत्याशियों के बीच कड़ी टक्कर होने की संभावना है।



**कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र से शिवसेना उबाठा से उम्मीदवारी दाखिल करते धनंजय बोडारे उनके साथ पप्पू कालानी भी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र में उल्हासनगर-4 सहित आशेला व मानेरा गांव का भी समावेश है।**

## अंबरनाथ से केवल 5 उम्मीदवारों ने पर्चा भरा

- मंगलवार को किणीकर करेंगे नामांकन दाखिल



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ विधानसभा से 28 अक्टूबर तक कुल 5 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया है, जिसमें महाविकास आघाड़ी से शिवसेना उबाठा के राजेश वानखेड़े भी हैं. इसके अलावा जिजाऊ विकास पार्टी अपक्ष के विश्वास सदाफुले, समता पार्टी के अरुण देवलेकर, राष्ट्रीय मराठा पार्टी के सतीश औसरमल और अपक्ष देविदास निकम ने चुनाव अधिकारी प्रशांत जोशी के पास अपना नामांकन दाखिल किया है. ये भी हमें जानकारी मिली है कि कांग्रेस को उम्मीदवारी नहीं मिलने के कारण नाराज सुमेध भवान 29 को अपना नामांकन अपक्ष दाखिल करेंगे. महायुति के शिवसेना शिंदे गट के उम्मीदवार बालाजी किणीकर 28 को नामांकन दाखिल करने वाले थे, लेकिन किसी कारण से वह नामांकन दाखिल नहीं कर सके. किणीकर मंगलवार 29 अक्टूबर को शक्ति प्रदर्शन करते हुए अपना नामांकन दाखिल करेंगे. सभी की नजर उनके नामांकन पर लगी हुई है कि नामांकन दाखिल करते समय कौन-कौन से नेता उनके साथ उपस्थित रहते हैं. तहसील कार्यालय में चुनाव निर्णय अधिकारी के कक्ष में उम्मीदवार के साथ केवल 4 लोगों को जाने दिया जा रहा है. उनके साथ आए हुए कार्यकर्ताओं को पुलिस तहसील कार्यालय के मुख्य गेट पर ही रोक लेती है. जिसके कारण केबी महामार्ग पर ट्रैफिक जाम लगा रहता है. कार्यालय के आसपास वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बालाजी पांढरे की निगरानी में पुख्ता बंदोबस्त रखा गया है.

## उल्हासनगर मनपा में मतदान जनजागृति को लेकर बैठक



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर शहर के कैम्प-3 स्थित सिंधु भवन में मनपा प्रशासन द्वारा गुरुवार को स्वयंसेवी संगठनों व विभिन्न महिला बचत गटों की चुनाव को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से बैठक आयोजित किया गया। यह बैठक मनपा के अतिरिक्त आयुक्त-2 किशोर गवस के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

बैठक में मनपा सहायक आयुक्त मयुरी कदम, सहायक आयुक्त विशाल कदम, भांडार विभाग प्रमुख अंकुश कदम और एनयूएलएम विभाग प्रमुख संजीवनी अमृतसागर मौजूद थीं। बैठक का संचालन मनपा जनसंपर्क अधिकारी छाया डांगले ने किया। कार्यक्रम आयोजन बैठक की जानकारी प्रेसनोट के द्वारा जनसंपर्क अधिकारी छाया डांगले ने दी। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को मतदान का महत्व समझाते हुए, चुनाव आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई ऑनलाइन / ऑफलाइन सुविधाओं की जानकारी दी गई।

वोटर्स हेल्पलाइन ऐप के फायदे बताते हुए यह समझाया गया कि इसके माध्यम से मतदान पंजीकरण, पंजीकरण की स्थिति, मतदान केंद्र का विवरण और क्षेत्र के उम्मीदवारों की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। वहीं महिलाओं को दीपावली के अवसर पर मतदान जागरुकता बढ़ाने के लिए कंदील, रंगोली प्रतियोगिता और अन्य गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उपस्थित महिलाओं की शंकाओं का समाधान भी किया गया। इसके साथ मनपा की तरफ से बैठक का समापन दीपावली की शुभकामनाओं के साथ किया गया और सभी से मतदान जागरूकता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की गई।

## छाया अस्पताल में गरीब मरीजों को फ्रूट जूस का वितरण

⏭ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** सावो इंटरनेशनल फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष शरद जावले के जन्मदिवस के अवसर पर अंबरनाथ छाया अस्पताल के मरीजों में अस्पताल की सिस्टर एवं कर्मचारियों नें रियल फ्रूट जूस के बॉक्स वितरित किए गए. उनके साथ अंबरनाथ राष्ट्रवादी के अध्यक्ष सदाशिव पाटिल, कार्याध्यक्ष साबे काका, प्रदेश सचिव विनय मिश्रा उपस्थित थे. सदाशिव पाटिल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने जन्मदिन पर बहुत से लोग महंगे होटलों में जाते हैं. पार्टी करके हजारों रुपए खर्च करते हैं, लेकिन शरद जावले ने अस्पताल के मरीजों में फ्रूट जूस बांट कर नेक काम किया है. उस समय कामगार सेल के ठाणे जिला अध्यक्ष प्रमोद बोराडे, ओमकार जावले आदि उपस्थित थे.



## उल्हास नदी पर बना नया पुल उखड़ा

- करोड़ों रुपए डूबे पानी में

**बदलापुर.** उल्हास नदी पर पुराने पुल के समानांतर एक नए पुल का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा किया गया था; हालांकि, इस पुल के उद्घाटन के एक महीने से भी कम समय में नया पुल उखड़ गया है, जबकि सड़क का आधा हिस्सा जर्जर हो गया है. पुल को बनाने में 17 करोड़ रुपये खर्च हुए थे.

उल्हास नदी पर पुराने पुल के कारण ट्रैफिक जाम होता था और जनसंख्या और वाहनों की संख्या में वृद्धि के कारण पुराने पुल के समानांतर पुल का निर्माण लोक निर्माण विभाग के माध्यम से 2019 में शुरू किया गया था। 17 करोड़ की लागत से बना यह पुल पिछले कई महीनों से उद्घाटन का इंतजार कर रहा था. इस पुल का उद्घाटन 13 अक्टूबर को स्थानीय विधायक किसन कथोरे ने किया था, जिन्होंने इस पुल के लिए पहल की थी। तब से पुल को यातायात के लिए खोल दिया गया है; हालाँकि, पुल के उद्घाटन के एक महीने से भी कम समय में, इस नए पुल पर सीमेंट कंक्रीट ढीला हो गया है, और भीतरी बजरी बाहर आ गई है। ऐसे में लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए गए इस घटिया निर्माण पर संदेह जताया जा रहा है।

पुल के निर्माण पर शुरू में 6 करोड़ रुपये की लागत आनी थी; लेकिन आगे पुल का आधार और बुनियाद मजबूत होनी चाहिए, इसलिए पुल के निर्माण की लागत करीब 17 करोड़ हो गई. 2019 में शुरू हुआ इस पुल का निर्माण अगस्त 2024 में पूरा हुआ। पुल का उद्घाटन 13 अक्टूबर को स्थानीय विधायक किसन कथोरे ने किया था। फिर पुल को यातायात के लिए खोल दिया गया; लेकिन एक माह के अंदर ही इस पुल की हालत खराब होने से कई तरह की शंकाएं पैदा हो रही हैं. सवाल उठ रहा है कि 17 करोड़ खर्च करने के बावजूद लोक निर्माण विभाग ने इतना घटिया काम कैसे किया, वहीं संबंधित ठेकेदार के खिलाफ उचित कार्रवाई की भी मांग की जा रही है.

## हर घर पर लगाया जाएगा QR कोड

- कचरा संकलन के लिए होगा लाभ

⏭ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद द्वारा शहर के हर घर की दीवार पर रोजाना कचरा संकलन करने के लिए क्यूआर कोड स्टीकर लगाया जाएगा.

महाराष्ट्र शासन द्वारा रोजाना कचरा मॉनिटरिंग के लिए शहर में बेस्ड टेक्नोलॉजी कार्यरत किया जाएगा. ये क्यूआर कोड स्टीकर घरों की दीवार पर लगाने के लिए उनके प्रतनिधि आने वाले हैं. अंबरनाथ नगर परिषद प्रशासन ने शहरवासियों से अपील की है कि उनका सहकार्य करें. घरों पर



क्यूआर कोड लगाने के बाद कचरा संकलन करने आने वाला कर्मचारी कचरा लेने के बाद क्यूआर कोट स्कैन करेगा. ऐसी जानकारी हमें नपा प्रेस विज्ञप्ति द्वारा दी गई है.

इस टेक्नोलॉजी से कचरा संकलन सेवा अच्छे तरीके से होगी. महाराष्ट्र शासन के आदेश पर ये क्यूआर कोड स्टीकर दो महीने के भीतर शहर के हर एक घर पर लगा दी जाएगी. उसकी टेस्टिंग होगी और ये सेवा नियमित चालू कर दी जाएगी.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास

संपादकीय

## उपराज्यपाल को नसीहत

दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच विवाद कोई नया नहीं है। मगर अब पेड़ों की कटाई के मसले पर जिस तरह के असुविधाजनक हालात सामने आ रहे हैं, वे निराशाजनक हैं। इससे पता चलता है कि आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति के बीच शासन में जिम्मेदारी और जवाबदेही का किस कदर लोप हो गया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के रिज इलाके में पेड़ों की कटाई को लेकर पिछले दिनों उपराज्यपाल वीके सक्सेना से हलफनामा दायर करने के लिए कहा गया था। मगर संबंधित क्षेत्र में पेड़ों की कटाई कब कराई गई, इसकी तारीखों में विसंगतियां मिली हैं।

देश की शीर्ष अदालत ने इन विसंगतियों पर सवाल उठाते हुए घटनाओं की सटीक जानकारी मांगी है। अदालत ने दिल्ली विकास प्राधिकरण यानी डीडीए के पूर्व उपाध्यक्ष से भी पूछा है कि उन्हें पेड़ों की कटाई के बारे में कब पता चला। अदालत ने इसी के साथ कटाई की इजाजत देने संबंधी सभी मूल दस्तावेज तलब किए हैं। सवाल है कि संबंधित महकमों के दायित्वों में इस स्तर की लापरवाही कैसे और क्यों बरती गई और इस संबंध में अदालत की ओर से सफाई मांगने की नौबत क्यों आई।

**उपराज्यपाल बोले-पूर्व अनुमति की आवश्यकता के बारे में नहीं बताया गया**

जाहिर है, यह समूचा मसला जवाबदेही और जिम्मेदारी का है, जिसकी फिक्र करना जरूरी नहीं समझा गया। यह विचित्र है कि उपराज्यपाल कह रहे हैं कि उन्हें पूर्व अनुमति की आवश्यकता के बारे में नहीं बताया गया। यह एक दलील हो सकती है कि कोई काम जनहित में है, मगर क्या इससे नियम-कायदों की अहमियत कम हो जाती है। उपराज्यपाल के हलफनामे और इससे संबंधित विसंगतियों पर अदालत सवाल उठा रही है, तो इसकी गंभीरता का अनुमान लगाया जा सकता है। अब अगर यह स्वीकार किया जा रहा है कि चूक हुई है, तो इसकी जिम्मेदारी किसकी है? इस मामले में शीर्ष अदालत को याद दिलाना पड़ा है कि उपराज्यपाल को यह मालूम होना चाहिए कि पेड़ों को काटने के लिए अदालत की मंजूरी जरूरी होती है। सवाल है कि इतने ऊंचे पदों पर बैठ कर किसी काम के बारे में तय नियमावली की अनदेखी कैसे की जा सकती है। अगर इस समूची प्रक्रिया के पालन में किसी तरह की विसंगति उभर रही है, तो इसके लिए कौन जवाबदेह है?

# बंगाल का बुद्धिजीवी समाज अब 'दीदी' के खिलाफ

दो महत्वपूर्ण राज्यों-महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। अभी-अभी हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में नई विधानसभाओं का गठन हुआ है। विपक्षी मोर्चे आइएनडीआइए के लिए ये चुनाव चुनौतीपूर्ण और महत्वपूर्ण भी हैं। इसलिए इसके नेताओं की सक्रियता इन दिनों बढ़ गई है।

अतीत में ऐसे मौकों पर विपक्षी गठबंधन की एक प्रमुख नेता ममता बनर्जी न सिर्फ मुखर रहती थीं, बल्कि खूब सक्रियता से भाजपा को शिकस्त देने की रणनीति बनाने में जुटी भी रहती थीं, लेकिन इन दिनों वह चुप हैं। लगातार सक्रिय और संघर्षरत रहने वाली कोई राजनीतिक हस्ती जब चुप्पी साध लेती है तो सवाल उठना स्वाभाविक होता है। दिलचस्प है कि इस चुप्पी पर सवाल भी नहीं उठ रहे हैं।

नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोकने के लिए पिछले साल 23 जून को पटना में विपक्षी दलों की बैठक की अगुआई भले ही नीतीश कुमार ने की थी, लेकिन उसकी अहम रणनीतिकार बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी थीं। उन्होंने ही नीतीश कुमार को पटना में बैठक बुलाने का सुझाव दिया था। तब प्रधानमंत्री मोदी को शिकस्त देने की हर रणनीति और बैठक में ममता बनर्जी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती थीं, लेकिन संघर्ष और सक्रियता के लिए राजनीतिक हलकों में विख्यात ममता बनर्जी इन दिनों चुप हैं।

देश की कौन कहे, अब तो बंगाल तक में उनकी मुखर आवाज नहीं सुनाई दे रही। बंगाल में छह



विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव में भी उनकी कहीं उपस्थिति नजर नहीं आ रही है। कहा जा रहा है कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कालेज की प्रशिक्षु डाक्टर के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या से उबले बंगाल ने ममता बनर्जी को झकझोर दिया है। इससे उन्हें गहरा सदमा लगा है।

बंगाल का समाज अपने बुद्धिजीवियों की बड़ी इज्जत करता है। आरजी कर मेडिकल कालेज कांड के बाद बंगाल का बुद्धिजीवी समाज ममता सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आया। सिंगुर और नंदीग्राम आंदोलन के दौरान तत्कालीन बुद्धदेव भट्टाचार्य सरकार के खिलाफ भी कुछ इसी अंदाज में बंगाल का बौद्धिक तबका सड़कों पर उतर आया था। बंगाल में जब भी वहां का बुद्धिजीवी सड़कों पर उतरता है, तब राज्य में सत्ता परिवर्तन जरूर होता है। प्रेमचंद ने साहित्य को राजनीति के आगे-आगे चलने वाली मशाल बताया है।

हिंदीभाषी क्षेत्रों में उनका कथन कम ही चरितार्थ होता नजर आया है, लेकिन बंगाल के संदर्भ में प्रेमचंद का यह कथन सटीक बैठता है। कभी ममता बनर्जी के साथ बंगाल का जो बुद्धिजीवी वर्ग उठ खड़ा हुआ था, वही बुद्धिजीवी समाज अब उनके खिलाफ आक्रोश से उबलता दिख रहा है। वह सिर्फ सड़कों पर ही नहीं उतर रहा, बल्कि ममता सरकार के भ्रष्टाचार और नाकामियों को लेकर नाटक भी खेल रहा है। इस प्रकार वह नुक्कड़ सभाओं में ममता सरकार की कारगुजारियों को जनता के सामने गिना रहा है।

आज भाजपा को लोकसभा में बहुमत नहीं है तो इसकी बड़ी वजह बंगाल भी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में बंगाल में भाजपा ने 18 सीटों पर जीत दर्ज की थी, लेकिन 2024 के चुनाव में उसे छह सीटों का नुकसान उठाना पड़ा। जबकि पार्टी वहां से 30 सीटों की उम्मीद कर रही थी। भाजपा की इस नाकामी की एक बड़ी वजह ममता बनर्जी का संघर्षशील चरित्र रहा।

उन्होंने अपने संघर्ष और जुझारू रुख से पासा पलट दिया। लोकसभा में कांग्रेस और सपा के बाद ममता की तृणमूल कांग्रेस तीसरे नंबर की पार्टी है। बंगाल की भूमि पर भाजपा के अश्वमेध रथ को रोककर ममता बनर्जी विपक्षी गठबंधन में और अहम तथा ताकतवर होकर उभरी थीं, मगर आरजी कर मेडिकल कालेज की भयावह घटना ने उनकी नाकामियों और प्रशासनिक खामियों के साथ ही उनकी संकीर्ण राजनीति की भी पोल खोलकर रख दी है। बंगाल के लोकमानस में उबाल और उसे मिल रहे बौद्धिकों के नेतृत्व ने तृणमूल कांग्रेस को एक तरह से बैकफुट पर धकेल दिया है। इसमें दोराय नहीं कि महाराष्ट्र और झारखंड के चुनावों में सीधे तौर पर ममता बनर्जी का कुछ भी दांव पर नहीं है, लेकिन इसके साथ बंगाल में हो रहे उपचुनाव में उनकी पार्टी के प्रदर्शन पर सबकी नजरें होंगी।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

जब हम प्रभु-प्रेम में रंगे जाते हैं, तो हम प्रभु से एकमेक भी हो जाते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चौनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# जर्मनी-भारत के आपसी सहयोग का नया दौर

मौजूदा विश्व में जिस तेजी से अलग-अलग देशों और खेमों में पुराने समीकरण नई शक्ल ले रहे हैं, संबंधों के आयाम बदल रहे हैं, उसमें भारत और जर्मनी के बीच बहुस्तरीय सहयोग के नए तैयार होते रास्ते बेहद अहम हैं। जर्मनी और भारत के सातवें अंतर-सरकारी परामर्श यानी आइजीसी के आयोजन के दौरान दोनों देशों के बीच संबंधों का जो नया अध्याय खुला है, उससे काफी उम्मीदें लगाई जा रही हैं। यह सही है कि आर्थिक और सामरिक स्तर पर विश्व में कई स्तर पर खींचतान, तनाव और टकराव का माहौल चल रहा है और ऐसे में खासतौर पर भारत जैसे किसी देश के लिए सहयोग के मोर्चे तैयार करना एक कठिन चुनौती है।

मगर इसी दौर में यह भी साबित हुआ है कि कुछ युद्धों और अन्य कारणों से दुनिया के ज्यादातर देश अपनी सुविधा के ध्रुवों में बंट रहे हैं, उसमें भारत अलग-अलग देशों के साथ अपने संबंधों को व्यावहारिकता और जरूरत की कसौटी पर तय कर रहा है।

गौरतलब है कि जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज के साथ भारतीय प्रधानमंत्री की बातचीत के बाद दोनों देशों के बीच कई मोर्चों पर सहयोग की घोषणा की गई। इसमें कई संधियों पर हस्ताक्षर किए जाने के साथ-साथ द्विपक्षीय रिश्तों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता पर भी जोर दिया गया। भारत में बेरोजगारी की समस्या आम है तो जर्मनी में कुशल कामगारों की कमी है। इस लिहाज से देखें तो द्विपक्षीय बातचीत में जर्मनी में भारत के कुशल कामगारों की बढ़ती मांग और यहां के प्रशिक्षित श्रमिकों के लिए वार्षिक वीजा की संख्या बीस हजार से बढ़ा कर नब्बे हजार करने पर बनी सहमति काफी



मायने रखती है।

व्यापार और सामरिक साझेदारी के मोर्चे पर महत्त्वपूर्ण बातचीत के अलावा तकनीक, कौशल विकास, कृत्रिम बुद्धिमता, सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा से लेकर खुफिया जानकारी साझा करने जैसे कई मुद्दों पर सहयोग की घोषणा से स्पष्ट है कि कुछ मसलों पर मतभिन्नता के बावजूद जर्मनी और भारत एक नए रास्ते की ओर बढ़ रहे हैं। हालांकि यह देखना होगा कि मुक्त व्यापार पर विश्व व्यापार संगठन की व्यवस्था को मानने के मसले पर किस हद तक सहमति बन पाती है।

ताजा बैठक में रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में भारत की भूमिका का भी जिक्र हुआ, लेकिन ऐसा लगता है कि इस मामले में भारत ने बहुत सधे कदमों के साथ जिस तरह एक संतुलित रुख अख्तियार किया है, उसे दूसरे देश भी समझ रहे हैं। मसलन, रूस और यूक्रेन युद्ध में भारत और जर्मनी की राय अलग-अलग है। एक ओर, जर्मनी खुल कर रूस के रुख को अंतरराष्ट्रीय चिंता का कारण बताता है, वहीं भारत साफतौर पर युद्ध की निरर्थकता को रेखांकित करता है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता।

हालांकि वैश्विक परिदृश्य में जर्मनी के सामने अपने पक्ष को लेकर जिस तरह की चुनौतियां हैं, उसमें भारत से भी उसे अपना साथ देने की उम्मीद होगी। मगर भारत का अपना पक्ष है और जर्मनी शायद इसे समझता है। यही वजह है कि कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के लिए जो भी बातचीत हुई, उस पर इसका कोई असर नहीं पड़ा।

फिलहाल वैश्विक स्तर पर भू-राजनीति के जैसे दांव-पेच चल रहे हैं, उसमें स्वाभाविक ही भारत के लिए थोड़ी संवेदनशील स्थिति है। मगर इस मामले में भारत ने जिस तरह सावधानी के साथ फूंक-फूंक कर अपने कदम बढ़ाए हैं, उसमें जर्मनी के साथ सहयोग का नया अध्याय भी इसका एक ठोस उदाहरण है।

# मां की 'मुस्कान' के लिए पीठ पर लादे घुमा रहा है दुनिया

हर इंसान की ख्वाहिश होती है कि उसके बच्चे इतने काबिल बनें कि वो सिर्फ अपना ही नहीं माता-पिता का भी ध्यान रख सकें. हालांकि हर कोई इतना लायक नहीं होता, जितना चीन का एक बेटा है. आमतौर पर चलने-फिरने में नाकाबिल हो चुके माता-पिता का लोग ख्याल तो रखते हैं, लेकिन जो इस बेटे ने कर दिखाया, वो शायद ही आपने कभी सुना होगा.

बचपन में आपने मां को अपने बच्चे को कांधे या पीठ पर बिठाकर घुमाते-टहलाते हुए बहुत बार देखा होगा. इस वक्त चीन का एक बेटा अपनी मां को इसी तरह पीठ पर लादकर दुनिया

**जरा हट के**

घुमा रहा है. आपने श्रवण कुमार की कहानी तो ज़रूर सुनी होगी, जिन्होंने अपने अंधे माता-पिता को तीर्थ कराने के लिए उन्हें टोकरी में बिठाकर कंधे पर उठाया था. इस बेटे को आप चीन का श्रवण कुमार कह सकते हैं.

32 साल के शाओ मा नाम के शख्स के माता-पिता का



एक्सीडेंट तब हो गया था, जब वो महज 8 साल के थे. इस एक्सीडेंट में उनके पिता तो नहीं रहे लेकिन मां बच गईं. हालांकि मां की हालत ये थी कि वो हिल भी नहीं पाती थीं. ऐसे में शाओ मा की बड़ी बहन और वो मिलकर अपना भी ख्याल रखते थे और मां का भी. बड़े होकर शाओ मा ने खेतों में कपास बीनने का काम शुरू किया और बचाए गए पैसों से एक छोटा सा रेस्टोरेंट खोला. उनकी ज्यादातर कमाई मां के इलाज में ही जाती रही लेकिन गनीमत ये रही कि उनकी मां धीरे-धीरे व्हीलचेयर पर बैठने लगीं और छोटे-छोटे कदम भी रखने लगी. इसी बीच शाओ को पता चला कि उनकी मां को सेरेब्रल एट्रोफी की जो बीमारी है, वो ठीक नहीं हो सकती और ये बिगड़ती ही जा रही है. जब उन्हें लगा कि वो मां को बचा नहीं पाएंगे, तो उन्होंने उन्हें जीतेजी सारी खुशी देने का फैसला किया. शाओ मा ने अपना घर-गाड़ी सब बेच दी और मां को लेकर चीन के पर्यटन स्थलों पर घुमाने लगे. इस दौरान वो उन्हें अपनी पीठ पर लादकर अलग-अलग जगहों पर ले जाते हैं. चूंकि शाओ की मां का दिमाग छोटे बच्चे की तरह है, ऐसे में वो इन जगहों पर जाकर खूब खुश होती हैं.

# कच्चे आलू की खस्ता पूड़ी

खाना-खजाना

धनतेरस के साथ ही दिवाली के त्योहार की तैयारियां शुरू हो जाती है। अब त्योहार हैं तो पकवान भी बनेंगे। आमतौर पर सब्जियों की तो ढेर सारी वैराइटी मिल जाती है। लेकिन कम मेहनत के लिए सिंपल सी पूड़ी ही बना लेती हैं। अगर आप कुछ हटके और टेस्टी खस्ता पूड़ी की रेसिपी इस बार फेस्टिवल्स में ट्राई करना चाहती हैं तो कच्चे आलू और चने की दाल ने बनी इन खस्ता पूड़ियों को जरूर बनाएं। नोट कर लें आसान सी रेसिपी।

**सामग्री :**

- आधा कप चने की दाल
- एक कच्चा आलू बड़े साइज का
- आटा
- दो चम्मच सूजी
- नमक
- कलौंजी आधा चम्मच
- कुटी लाल मिर्च आधा चम्मच
- धनिया के बारीक कटे पत्ते
- कसूरी मेथी एक चम्मच
- हल्दी एक चौथाई चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर आधा चम्मच
- सफेद तिल के बीज एक चम्मच



**बनाने की विधि**

-सबसे पहले चने की दाल को दो घंटे के लिए भिगोकर रख दें।

-जब ये अच्छी तरह से भीग जाए तो मिक्सी के जार में डालें। साथ ही कच्चे आलू को छीलकर धोकर पतले टुकड़े कर लें। और दोनों को साथ में बारीक पीसकर पेस्ट बना लें।

-अब किसी थाली में आटा लें और उसमे सूजी मिलाएं।

-साथ ही कलौंजी, बारीक कटी हरी धनिया, कसूरी मेथी डालें।

-साथ में कुटी लाल मिर्च और लाल मिर्च के साथ थोड़ा सा नमक डालें।

-अब तैयार आलू और चने की दाल के पेस्ट को डालकर मिलाएं।

-जरूरत के हिसाब से पानी डालकर कड़ा आटा गूंथ लें।

-अब इन आटे की पूड़िया बनाएं और ऊपर से थोड़े से तिल के बीज डालकर बेलें।

-बस तेल में सुनहरा तलें और तैयार हैं जबरदस्त खस्ता पूड़ी। इसे आप त्योहार के अलावा टिफिन में भी परोस सकते हैं।

# धनतेरस के दिन दीया किस दिशा में जलाएं?


- **कौन सी दिशा में दीपक की लौ**
- **यहां जानें धन्वंतरी पूजन का समय**

दिपाली का त्योहार 5 दिन पहले से शुरू हो जाता है. इसकी शुरुआत धनतेरस से होती है. धनतेरस का त्योहार हर साल कार्तिक महीने की कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है. इस दिन भगवान धन्वंतरी और माता लक्ष्मी के साथ धन के देवता कुबेर की पूजा का विधान है. माना जाता है कि इस दिन भगवान धन्वंतरी की पूजा करने से जातक को आरोग्य की प्राप्ति होती है. वहीं, मां लक्ष्मी और कुबेर देवता की पूजा से धन लाभ होता है, जिससे घर में बरकत बनी रहती है. लेकिन, इसके लिए जरूरी है कि उससे जुड़े नियमों की जानकारी का होना.

धनतेरस के दिन लोग सोना, चांदी और बर्तन खरीदते हैं. इसके अलावा, इस दिन एक दीया भी जलाया जाता है. ये दीया शुभता का प्रतीक माना जाता है. माना जाता है कि धनतेरस के दिन दीया जलाने से अकाल मृत्यु का भय समाप्त होता है. अब सवाल है कि आखिर धनतेरस पर दीया किस दिशा में जलाना चाहिए? दीया जलाते समय किस दिशा में रखें मुंह? धन्वंतरी पूजन किस समय करें? इस बारे में बता रहे हैं प्रताप विहार गाजियाबाद के ज्योतिर्विद और वास्तु विशेषज्ञ राकेश चतुर्वेदी-

### धनतेरस की सही तिथि

वैदिक पंचांग के अनुसार, इस बार त्रयोदशी तिथि की शुरुआत मंगलवार 29 अक्टूबर 2024 को सुबह 10 बजकर 34 मिनट पर होगी, त्रयोदशी तिथि का समापन बुधवार 30 अक्टूबर 2024 को



दोपहर 1 बजकर 17 मिनट पर होगा. इसी गोधूल काल में भगवान धनवंतरी की पूजा की जा सकती है. ऐसी स्थिति में धनतेरस 29 अक्टूबर को मनाया जाएगा.

### पूजा का शुभ मुहूर्त

राकेश चतुर्वेदी के मुताबिक, धनतेरस के दिन भगवान धन्वंतरी की पूजा की जाती है. ऐसे में धनतेरस पूजा के लिए शुभ मुहूर्त की शुरुआत गोधूल काल में मंगलवार 29 अक्टूबर शाम 6 बजकर 31 मिनट से 8 बजकर 13 मिनट तक रहेगा. इस तरह धनतेरस पर भगवान धन्वंतरी, गणेश और कुबेर जी की पूजा के लिए कुल 1 घंटा 41 मिनट का समय मिलेगा.

### धनतेरस के दिन इस दिशा में जलाएं दीया

धनतेरस के दिन दीप जलाने के लिए, ईशान कोण दिशा को शुभ माना जाता है. वास्तु शास्त्र के मुताबिक, यह दिशा देवी-देवताओं की मानी जाती है. इस दिशा में दीप जलाने से परिवार के सभी सदस्यों का स्वास्थ्य अच्छा रहता है.

### इस दिशा में न जलाएं दीया

पश्चिम दिशा को राहु की दिशा माना जाता है. इस दिशा में दीप जलाने से लोगों को अशुभ फल मिल सकते हैं और जीवन में कई तरह की बाधाओं का सामना करना पड़ता है.

### इस दिशा में हो दीपक की लौ

वास्तु शास्त्र के अनुसार, उत्तर दिशा की ओर दीपक की लौ होना शुभ होता है. उत्तर दिशा में दीपक रखने से धन में वृद्धि होती है. वहीं, पश्चिम दिशा की ओर दीपक की लौ का जलना बेहद अशुभ बताया गया है. इसलिए इस दिशा में दीपक का मुंह करके नहीं रखना चाहिए.

## आज का राशिफल

**मेष :** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा, सावधानी रखें। बुरी खबर मिल सकती है। भागदौड़ अधिक रहेगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। मेहनत अधिक होगी। लाभ में कमी रह सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय-व्यापार मनोनुकूल चलेगा।

**वृषभ :** सामाजिक कार्य करने का मन लगेगा। मान-सम्मान मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। शत्रु तथा ईर्ष्यालु व्यक्तियों से सावधानी आवश्यक है।

**मिथुन :** पुरानी संगी-साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। आत्मसम्मान बना रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा।

**कर्क :** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**सिंह :** दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। फालतू खर्च पर नियंत्रण नहीं रहेगा। हल्की मजाक करने से बचें। अपेक्षित काम में विलंब होगा। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम से काम रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। विवेक का प्रयोग करें। आय में वृद्धि होगी।

**कन्या :** यात्रा लाभदायक रहेगी। संतान पक्ष से बुरी खबर मिल सकती है। डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। रोमांस में सफलता मिलेगी। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में प्रशंसा मिलेगी। नए उपक्रम प्रारंभ करने संबंधी योजना बनेगी।

**तुला :** सामाजिक कार्य करने में मन लगेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**वृश्चिक :** चोट व रोग से कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**धनु :** चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। दौड़धूप रहेगी। नकारात्मकता हावी रहेगी। वस्तुएं संभालकर रखें।

**मकर :** यात्रा लाभदायक रहेगी। राजकीय सहयोग मिलेगा। सरकारी कामों में सहूलियत होगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर में सुख-शांति रहेंगे। कारोबारी अनुबंध हो सकते हैं। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों से सहयोग मिलेगा।

**कुंभ :** ऐश्वर्य के साधनों पर खर्च होगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। विवेक से कार्य करें।

**मीन :** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। आनंद के साथ समय व्यतीत होगा। मनपसंद व्यंजनों का लाभ मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। किसी व्यक्ति से बहस हो सकती है।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# काली पड़ गई चांदी की पेंडेंट और पायल?



- **फॉलो करें ये 3 टिप्स**
- **15 मिनट में दिखेगा नए जैसा**

चांदी की ज्वेलरी कई लोगों के पास होती है. चांदी की चेन, पायल और पेंडेंट को अधिक पहना जाता है, बस इसमें दिक्कत ये आती है कि यह जल्दी काला भी पड़ने लगता है और ऐसा लगता है कि यह कितना पुराना हो चुका है. सिल्वर बाहरी वातावरण के संपर्क में आता है तो खराब होने लगता है. हालांकि इसे साफ भी किया जा सकता है. आइए जानते हैं चांदी के आभूषणों को साफ करने के लिए कुछ आसान टिप्स और ट्रिक्स

### बेकिंग सोडा और पानी का मिश्रण

चांदी के कोई भी ज्वेलरी को साफ करने के लिए इस नुस्खे का अधिक यूज किया जाता है. बेकिंग सोडा को पानी में अच्छे से मिलाकर पेस्ट बना लें और उसे 15-20 मिनट के लिए लगाकर छोड़ दें और फिर गर्म पानी से धो लें.

### नींबू और नमक का रस


चांदी के कालेपन को खत्म करने के लिए आप नींबू और नमक का रस लगा सकते हैं. एक कटोरी में नमक लें और उसमें नींबू निचोड़कर अच्छे से मिक्स कर लें. अब इसे आभूषणों पर लगाकर 10-15 मिनट के लिए छोड़ दें, फिर गर्म पानी से धो लें.

### सिरका और पानी का मिश्रण

आप चांदी को नया करने के लिए रसोई में रखे सिरका भी यूज कर सकते हैं. पानी में सिरका मिलाकर अच्छा सा लिक्विड सॉल्यूशन बना लें और इसमें अपनी ज्वेलरी को 10-15 मिनट के लिए छोड़ दें, फिर गर्म पानी से धो लें. आप देखेंगे कि यह पहले जैसे नई हो गई होगी. इसके अलावा आप चांदी को पॉलिश करवा सकते हैं.

# बाल झड़ने से दिखने लगे गंजे?

- **फॉलो करें ये टिप्स...**
- **7 दिन में बंद हो सकता है हेयरफॉल**



सिर पर बाल होने से इंसान की खूबसूरती बढ़ जाती है. हालांकि, अब बालों का झड़ना एक आम समस्या बन चुकी है. यह कई कारणों से हो सकता है, जैसे- पोषण की कमी, हार्मोनल असंतुलन, तनाव, और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं. आप बालों के झड़ने की समस्या को एक हफ्ते में रोक सकते हैं. इसके लिए कुछ घरेलू उपाय और जिंदगी में कुछ बदलाव से आप इस दिक्कत से छुटकारा पा सकते हैं. आइए जानते हैं यहां...

बालों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए आप नारियल तेल और नींबू का रस यूज कर सकते हैं. नारियल तेल में नींबू का रस मिलाकर बालों में लगाया जा सकता है. यह बालों को मजबूती देता है और झड़ने से रोकता है. इसके अलावा आप आंवला और शिकाकाई को पानी में उबालकर बालों को धो सकते हैं. दादी-नानी के नुस्खे में भी इसका खूब यूज होता आया है. यह बालों को पोषण देता है और झड़ने को रोकता है. तुलसी का रस भी बालों के लिए बेहद फायदेमंद है. इसे भी बालों को झड़ने से रोकने के लिए यूज किया जाता है.

बालों को झड़ने से रोकने के लिए आप पर्याप्त पानी पीएं. विटामिन सी, विटामिन बी, आयरन, और जिंक की कमी से भी बाल झड़ने लगते हैं. आप ऐसे आहार ले सकते हैं, जिसमें ये जरूरी पोषक तत्व शामिल हों. विटामिन ई का तेल बालों को मजबूत बनाता है आप ऐसे प्रोडक्ट को शामिल कर सकते हैं, जिसमें विटामिन-ई भरपूर मात्रा में हो. तनाव बालों के झड़ने का एक बड़ा कारण हो सकता है, इसलिए तनाव को कम करने के लिए आप योग, ध्यान, और व्यायाम कर सकते हैं.

बालों की देखभाल के लिए उन्हें नियमित रूप से धोएं. इसके अलावा बालों को सूखाने के लिए तौलिया का उपयोग करें और बालों को ज्यादा गर्म पानी से न धोएं. ध्यान रहे कि बालों के झड़ने को पूरी तरह से रोकना मुश्किल हो सकता है, लेकिन इन उपायों से बालों के झड़ने को कुछ हद तक कम किया जा सकता है. अगर आपके बाल अधिक टूट रहे हैं तो डॉक्टर या त्वचा विशेषज्ञ से परामर्श लें.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### दिनदहाड़े दो लाख से ज्यादा की लूट, दारोगा सस्पेंड

**इटावा.** यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार एक तरफ मातहतों को त्योहारे पर खास सतर्कता की नसीहत दिए तो दूसरी ओर इटावा में फ्लिपकार्ट एजेंसी के कर्मचारी से बाइक सवार बदमाशों ने दो लाख 29 हजार रुपये लूट लिए गए। कर्मचारी रुपये एजेंसी से लेकर बैंक में जमा करने जा रहा था। दिनदहाड़े हुई घटना से हड़कंप मच गया। एसएसपी ने लूट मामले में चौकी इंचार्ज को सस्पेंड कर दिया है। अड्डा अजुददी का रहने वाला फ्लिप कार्ट एजेंसी विजय नगर में काम करता है। सोमवार की दोपहर में 12 बजे उसने एजेंसी से दो लाख 29 हजार रुपये लेकर स्टेट बैंक की शाखा शास्त्री चौराहे में जमा करने जा रहा था। रुपयों से भरा बैग उसने अपनी बाइक की टंकी पर रखकर वह बैंक के लिये जा रहा था। वह गुरुतेग बहादुर ओवरब्रिज पर पहुंचा था कि तभी पीछे से पल्सर पर सवार होकर आये दो बदमाशों में से एक ने ओवरटेक करके बैग पर झपट्टा मारकर लूट लिया।

### आशिक ने शादीशुदा प्रेमिका को कुल्हाड़ी से काटा, 6 साल के बच्चे पर भी किया वार

**सुल्तानपुर.** सुल्तानपुर में एक शख्स ने अपनी शादीशुदा प्रेमिका की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। साथ ही उसके छह साल के बच्चे को भी घायल कर दिया। आरोपी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है और परिवार की ओर से तहरीर मिलते ही मुकदमा कायम किया जाएगा। ये घटना करौदी कला थाना क्षेत्र का है। गजेंद्रपुर गांव का रहने वाला राजेंद्र प्रसाद गुजरात में नौकरी करता है। वहीं उसकी बीवी हौसिला देवी अपने दीन बच्चों के साथ गांव में रहती थी। पुलिस ने बताया कि इस बीच हौसिला देवी का गांव के ही व्यक्ति बिंदे के साथ प्रेम प्रसंग शुरू हो गया और पिछले दो सालों से दोनों के बीच फोन पर बातचीत चल रही थी। हाल में बिंदे और हौसिला के मध्य किसी बात को लेकर कहासुनी हुई और उसने बिंदे का फोन उठाना बंद कर दिया।

### 5 साल के बेटे को पिता ने कुल्हाड़ी से काट डाला, दादा ने बहू व तीन बच्चों को बचाया

**चित्रकूट.** चित्रकूट में मऊ थाना क्षेत्र के सखौंहा गांव के मजरा दुबारी में सोमवार की भोर में पिता ने पत्नी से झगड़ने के बाद चारपाई में सो रहे पांच साल के अपने बेटे को कुल्हाड़ी से वारकर काट डाला। मकान में आग भी लगा दी। बच्चे के दादा ने किसी तरह बहू और तीन अन्य बच्चों को बाहर निकालकर उनकी जान बचाई। पुलिस ने अंदर छिपे हमलावर पिता को भी गिरफ्तार कर लिया है। दुबारी निवासी राज कुमार उर्फ भीमसेन निषाद सोमवार को तड़के करीब तीन बजे अपनी पत्नी शिव कुमारी से किसी बात को लेकर झगड़ा करने लगा। वहीं पर उसके चारों बच्चे अनुज, कोमल, कुंती व सत्यम सो रहे थे। विवाद के दौरान सत्यम के अलावा तीनो बच्चों की नींद खुल गई। राज कुमार ने पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट शुरु कर दी। शोरगुल सुनकर बगल में ही अपने दूसरे बेटे के रह रहा राज कुमार का पिता नत्थू प्रसाद निषाद पहुंच गया। उसने किसी तरह बहू के अलावा तीन बच्चों अनुज, कोमल व कुंती को बाहर निकाला। जबकि पांच वर्षीय सत्यम अंदर चारपाई में सोता रह गया। इनके बाहर निकलते ही राज कुमार ने अंदर सो रहे बेटे सत्यम को कुल्हाड़ी से गला समेत कई जगह वार कर काट डाला। उसकी

# महाराष्ट्र में मविआ को 40 सीटों पर लगेगा झटका !

## अखिलेश से लेकर ओवैसी के दांव से मुस्लिम होंगे कन्फ्यूज

**मुंबई.** महाराष्ट्र में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या कुल आबादी का करीब 12 फीसदी है. 2011 की जनगणना के मुताबिक महाराष्ट्र में 11.54 फीसदी (करीब 1.5 करोड़) मुस्लिम आबादी है. ये मुस्लिम मतदाता महाराष्ट्र की 40 सीटों के नतीजों में बड़े उलटफेर की ताकत रखते हैं.

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में एक महीने से भी कम का समय बचा है. इसे लेकर सियासी बिसात बिछाई जा चुकी है. महायुति से लेकर महाविकास आघाड़ी तक की ओर से उम्मीदवारों का ऐलान जारी है. इस बीच समाजवादी पार्टी और एआईएमआईएम ने एमवीए गठबंधन की टेंशन बढ़ा दी है.



सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव महाराष्ट्र में एमवीए गठबंधन की ओर से सीटें नहीं दिए जाने से नाराज नजर आ रहे हैं. महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अखिलेश यादव ने रविवार (27 अक्टूबर) को एमवीए को चेतावनी भी दे डाली है.

समाजवादी पार्टी और असदुद्दीन ओवैसी की महाराष्ट्र में एंट्री ने कांग्रेस और एनसीपी की टेंशन बढ़ा दी है. इन पार्टियों के चुनावी मैदान में उतरने से सीधे तौर पर मुस्लिम वोटों में बंटवारे की संभावना बन सकती है. अगर ऐसा होता है तो कई सीटों पर चुनावी नतीजे बदल सकते हैं.

वहीं, असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम अकेले दम पर ही महाराष्ट्र चुनाव में 45 सीटों पर उम्मीदवार उतार सकती है. पिछले विधानसभा चुनाव में AIMIM ने 44 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान किया था. इनमें से कई सीटें ऐसी हैं, जहां 30 फीसदी से ज्यादा मुस्लिम मतदाता हैं. ओवैसी की पार्टी AIMIM मुस्लिम, दलित और पिछड़ा वर्ग का वोट पाकर किंगमेकर बनने की कोशिश में है.

पिछली बार के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के 3, एनसीपी के 2, समाजवादी पार्टी के 2, एआईएमआईएम और शिवसेना का एक-एक मुस्लिम विधायक ने जीत हासिल की थी. 2011 की जनगणना के अनुसार महाराष्ट्र में करीब 1.5 करोड़ मुस्लिम आबादी है. महाराष्ट्र के उत्तरी कोंकण, खानदेश, मराठवाड़ा और पश्चिमी विदर्भ में मुस्लिमों की संख्या ज्यादा है. मुस्लिम समुदाय की करीब 40 विधानसभा सीटों पर हार-जीत में प्रभावी भूमिका है. पिछली बार के महाराष्ट्र चुनाव में 10 मुस्लिम विधायक चुनाव जीते थे. इनमें से 3 कांग्रेस, 2 एनसीपी, 2 सपा, 2 एआईएमआईएम और 1 शिवसेना से जीते हैं.

# केसों पर बात नहीं होती



- **PM मोदी के गणेश पूजा में आने पर बोले चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़**

**मुंबई.** गणेश पूजा के लिए पीएम नरेंद्र मोदी के घर आने को लेकर उठे सवालों पर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने काफी दिनों बाद जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की बैठकों में न्यायिक मामलों पर चर्चा नहीं की जाती। मुंबई में एक आयोजन के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि ऐसी मुलाकातों के मायने नहीं निकाले जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्यों के मुख्यमंत्री और उच्च न्यायालयों के चीफ जस्टिस नियमित तौर पर मुलाकात करते हैं।

उन्होंने कहा, 'आखिर लोग इन बैठकों के बारें में क्यों सोचते हैं। हमारे देश की राजनीतिक व्यवस्था की यह परिपक्वता है कि राजनीतिक वर्ग में भी न्यायपालिका का सम्मान है। न्यायपालिका का बजट सरकार देती है, लेकिन यह जजों के लिए नहीं होता।'

चीफ जस्टिस ने कहा कि हमें कोर्ट के लिए नई इमारतों की जरूरत होती है। जिला अदालतों के जजों के लिए आवास की जरूरत होती है। इसलिए चीफ मिनिस्टर और हाई कोर्ट्स के चीफ जस्टिस मिलते हैं। इस दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि मैंने तो इलाहाबाद हाई कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश के तौर पर काम किया है। उन्होंने कहा, 'चीफ जस्टिस जब नियुक्त होते हैं तो वह सीएम के आवास जाते हैं। इसके बाद चीफ मिनिस्टर मुख्य न्यायाधीश के घर आता है। इन मीटिंगों का एजेंडा तय होता है। इनमें यह बात होती है कि आखिर जो इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स तय हैं, उन पर क्या हो रहा है। कितना बजट है और क्या प्रोग्रेस है। क्या इसके लिए नहीं मिलना चाहिए। यदि ये काम लेटरों को लिखकर किया जाए तो फिर कोई चीज कभी पूरी नहीं होगी।'

> चंद्रचूड़ ने कहा कि भारत की राजनीतिक व्यवस्था में काफी परिपक्वता है। उन्होंने कहा कि मीटिंग में कभी कोई मुख्यमंत्री चीफ जस्टिस से किसी लंबित केस के बारे में नहीं पूछता। 14 अगस्त और 26 जनवरी को चीफ जस्टिस की मुख्यमंत्री से मुलाकात होती है। इसमें न्यायिक व्यवस्था पर कोई बात नहीं होती। इस पर लोग कहते हैं कि क्या डील हो रही है। यह तो सीधे-सीधे डायलॉग का हिस्सा है। दरअसल चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के घर पर आयोजित गणेश पूजा में पीएम नरेंद्र मोदी पहुंच गए थे, जिसे लेकर कुछ लोगों ने सवाल उठाए थे। माना जा रहा है कि इसी को लेकर चीफ जस्टिस ने यह टिप्पणी की है।

# अब इस्कॉन मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी

### तिरुपति में दहशत; तलाशी में जुटी पुलिस

**नई दिल्ली.** आंध्र प्रदेश के तिरुपति में आधा दर्जन होटरों में बम रखे होने की धमकी के बाद अब इस्कोन मंदिर को भी उड़ाने की धमकी दी गई है। अधिकारियों के मुताबिक पुलिस ने मंदिर की सुरक्षा बढ़ा दी है। पुलिस ने बताया कि 27 अक्टूबर की देर रात धमकी वाला ईमल मिला था। इसमें कहा गया था कि इस्कोन मंदिर में बम है।

आंध्र प्रदेश पुलिस ने रविवार को बताया कि पिछले तीन दिन में तिरुपति शहर के करीब आधा दर्जन होटलों को बम रखे होने की झूठी धमकियां मिली हैं। धमकी मिलने के बाद बम निरोधी दस्ते के साथ पुलिस इस्कोन मंदिर पहुंची और तलाशी अभियान शुरू किया गया। हालांकि परिसर में किसी तरह का विस्फोटक या संदिग्ध सामान बरामद नहीं हुआ।

तिरुपति के पुलिस अधीक्षक एल सुब्बारायडू ने कहा, ''हमें जब शिकायतें मिलीं तो हमने तुरंत कार्रवाई की और हमारी टीम ने गहन जांच की। लेकिन वे (नकली ईमेल धमकियां) फर्जी निकलीं। हम मामले दर्ज कर रहे हैं और इनकी जांच की जा रही है।₹ जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि साइबर अपराध शाखा की मदद से मामलों की जांच की जा रही है।

# 'मार, तेरे पास कितनी गोलियां हैं'

## मिथुन चक्रवर्ती ने भाजपा कार्यकर्ताओं में कुछ यूं भरा जोश

**कोलकाता.** अभिनेता और भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती के कोलकाता में दिए भाषण की खूब चर्चा हो रही है। पश्चिम बंगाल में चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि अगर 1 करोड़ सदस्य हो जाएं, तो जरूर जीतेंगे। उन्होंने कहा, 'क्या हम एक करोड़ सदस्य बना सकते हैं? तो फिर 2026 हमारा होगा। ऐसे कार्यकर्ता होने चाहिए, जो सामने से लड़ें। ऐसा कार्यकर्ता हो जो कहे कि मार, तेरे पास कितनी गोलियां हैं। कुछ भी करेंगे, कुछ भी। मैं गृह मंत्री के सामने कह रहा हूं, कुछ भी करेंगे।' नाम न लेते हुए मिथुन ने चेतावनी दी कि अगर हमारे पेड़ से एक फल तोड़ा, तो हम तुम्हारे पेड़ से 4 फल तोड़ देंगे। यही सच है। नहीं तो हम जीत नहीं पाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को बंगाल के दौरे पर गए थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए अगला बड़ा लक्ष्य 2026 में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में दो-तिहाई सीट जीतना है।



> मिथुन ने कहा, 'एक लीडर कहता है कि हम 70 फीसदी मुस्लिम हैं और 30 परसेंट ही हिंदू हैं। हम इनको काटकर भागीरथी में फेंक देंगे। इस पर हमने सोचा कि मुख्यमंत्री कुछ बोलेंगी, मगर वह नहीं बोलीं। मैं कहता हूं कि तुमको काटकर तुम्हारी ही जमीन पर फेंकेंगे। भागीरथी हमारी मां हैं। इसीलिए बार-बार कह रहा हूं। हम कुछ भी करेंगे। यह 74 साल का मिथुन बोल रहा है। हमने खून की राजनीति की है और हमें सब पता है।'

### भारतीय वैज्ञानिकों ने ब्रह्मांड के रहस्यमयी हिस्से में खोजा नया ग्रह

**नई दिल्ली.** भारतीय वैज्ञानिकों ने अनंत ब्रह्मांड में एक नया ग्रह खोज निकाला है, जो पृथ्वी जैसा रहने लायक हो सकता है। भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला के शोधकर्ताओं ने इस ऐतिहासिक खोज के बाद नए ग्रह को TOI-6651b नाम दिया है। यह ग्रह पृथ्वी से लगभग पांच गुना बड़ा और अपने सौरमंडल में सूर्य की परिक्रमा करता रहा है। इसका सूर्य हमारे सूर्य से मिलता-जुलता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इसका द्रव्यमान पृथ्वी से लगभग 60 गुना ज्यादा है। ब्रह्मांड के जिस क्षेत्र में इस ग्रह की खोज की गई, उसे वैज्ञानिक अपनी भाषा में नेप्च्यूनियन रेगिस्तान कहते हैं।

# पप्पू यादव को जान से मारने की धमकी

- **कॉल करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का बताया**
- **कहा-सलमान मामले से दूर रहो**



**पटना.** बिहार के पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव को जान से मारने की धमकी मिली है। कॉल करने वाले ने खुद को लॉरेंस विश्नोई गैंग का सदस्य बताया है। धमकी देने वाले शख्स ने पप्पू यादव को सलमान खान मामले से अलग रहने की हिदायत भी दी है। उसने कॉल पर कहा, 'सलमान के मामले से दूर रहो, हम कर्म और कांड दोनों करते हैं।'

धमकी देने वाले का दावा है कि 'लॉरेंस बिश्नोई जेल में एक लाख रुपए प्रतिघंटा देकर जैमर बंद करवाकर पप्पू यादव से बात करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन पप्पू यादव फोन नहीं उठा रहे हैं।'

दरअसल, 12 अक्टूबर को मुंबई में पूर्व विधायक बाबा सिद्दीकी की हत्या हुई थी, जिसकी जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली थी। इसके बाद पूर्णिया सांसद ने सोशल मीडिया पर 24 घंटे में लॉरेंस गैंग के खात्मे की बात कही थी।

वहीं पिछले गुरुवार को पप्पू यादव ने मुंबई में बाबा सिद्दिकी के बेटे जिशान सिद्दीकी से मुलाकात की थी। वो व्यस्तता के कारण एक्टर सलमान खान से मिल नहीं पाए थे। लेकिन सांसद ने अपने पोस्ट के जरिए कहा था कि वो हर परिस्थिति में सलमान खान के साथ हैं।

### पप्पू ने केंद्र से मांगी Z सिक्योरिटी

पूर्णिया एसपी कार्तिकेय शर्मा ने कहा, 'सांसद को धमकी की जानकारी मिली है। हमलोग जांच कर रहे हैं। वो पहले से Y सुरक्षा घेरे में हैं। फिलहाल, पुलिस ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी है। इससे पहले पप्पू यादव ने 21 अक्टूबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को लेटर लिखकर अपनी सुरक्षा बढ़ाने की मांग की थी। उन्होंने लेटर के जरिए Y श्रेणी की सुरक्षा हटाकर Z सिक्योरिटी की मांग की थी। लेटर में पप्पू यादव ने लॉरेंस विश्नोई गैंग का जिक्र किया था।

# कर्नाटक में 8 करोड़ के लिए पति की हत्या

- **800KM दूर जाकर जलाया; कोडागु के कॉफी एस्टेट में मिली थी लाश**



कर्नाटक पुलिस ने तेलंगाना के कॉफी व्यापारी की हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। रमेश नाम के इस शख्स का शव कोडागु में एक काफी एस्टेट में जला हुआ मिला था। पुलिस ने हत्या को सुलझाने के लिए चार टीमें बनाई थीं। रमेश की दूसरी पत्नी समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जांच में पता चला कि महिला ने 8 करोड़ रुपए की संपत्ति हड़पने के लिए पति की हत्या की थी। फिर उसकी लाश को 840 किमी दूर ले जाकर जला दिया। दरअसल, रमेश ने एक प्रॉपर्टी बेची थी, जिसमें मिले 8 करोड़ पाने के लिए उसकी पत्नी ने हत्या की साजिश रची थी।

मृतक की पहचान रमेश के रूप में हुई है। उनकी उम्र 54 साल थी। 8 अक्टूबर को कोडागु के एक कॉफी एस्टेट में एक अधजली लाश मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू की थी। पुलिस की 4 टीमों ने 500 से ज्यादा CCTV फुटेज खंगाले। 10 दिन तक टेक्निकल डेटा इकट्ठा किया। अपराध में इस्तेमाल कार से पुलिस रमेश के घर तक पहुंची। इसके बाद पुलिस ने रमेश की दूसरी पत्नी निहारिका और उसके दो दोस्त डॉ. निखिल और अंकुर राणा को गिरफ्तार कर लिया।

> **पति को मरवाने के लिए दोस्तों का सहारा लिया**
>
> निहारिका ने पैसे पाने के लिए हत्या की साजिश रची। उसने अपने दोस्त राणा को 1 अक्टूबर को हैदराबाद आने को कहा। 3 अक्टूबर को उसने अपने पति रमेश कुमार को भी हैदराबाद बुलाया। बाद में निहारिका ने अंकुर को छोड़ने की बात कही और पति रमेश के साथ कार में निकल गई।
>
> रास्ते में अंकुर और निहारिका ने रमेश की गला घोंटकर हत्या कर दी। बाद में दोनों बेंगलुरु के होरमावु गए। दोनों ने एक और दोस्त निखिल को बताया। लाश ठिकाने लगाने के लिए वे सुंतिकोप्पा के पन्या एस्टेट गए, जहां उन्होंने लाश को जला दिया।

### जींद से दिल्ली जा रही पैसेंजर ट्रेन में धमाकों के बाद लगी आग; 5 झुलसे

**चंडीगढ़.** हरियाणा के जींद से दिल्ली जा रही पैसेंजर ट्रेन के एक डिब्बे में आग लगने से अफरातफरी मच गई। हादसा रोहतक के सांपला कस्बे के पास हुआ। चार-पांच लोग मामूली रूप से झुलसे है। छलांग लगाने से कुछ को हल्की चोटें आई हैं। आग के कारण पूरा कोच धुएं से भर गया और काला पड़ गया। रेलवे कर्मचारियों ने सवारियों की मदद से आग पर काबू पाया। राजकीय रेलवे पुलिस और रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स की टीमें घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की।

जानकारी के अनुसार जींद से दिल्ली जा रही पैसेंजर ट्रेन जब सांपला के पास पहुंची तो एक डिब्बे में धमाके हो गए। देखते ही देखते आग फैलने लगी तो यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और चीखना शुरू कर दिया। किसी ने चेन खींचकर ट्रेन को रोका तो इसी दौरान कुछ लोग ट्रैक पर ही कूद गए और चोटिल हो गए। हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ है। आग लगने की सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी और पुलिस टीम मौके पहुंची। हालांकि अभी आग लगने के कारणों को पता नहीं लग पाया.

# जम्मू-कश्मीर में 3 आतंकी ढेर



- **सुबह आर्मी एंबुलेंस पर फायरिंग की थी**
- **5 घंटे चले एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने मार गिराया**

**अखनूर.** जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सोमवार को सुरक्षाबलों ने 3 आतंकियों को मार गिराया। सुबह 7:26 बजे लाइन ऑफ कंट्रोल (LoC) के पास भट्टल इलाके में इन आतंकियों ने आर्मी एंबुलेंस पर फायरिंग की थी। हालांकि इसमें जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। आतंकी फायरिंग के बाद जंगल की ओर भाग गए थे। सेना ने इलाके को घेर कर सर्च ऑपरेशन चलाया। करीब 5 घंटे की मशक्कत के बाद तीनों आतंकियों को ढेर कर दिया गया। इससे पहले 24 अक्टूबर को बारामूला में सेना की गाड़ी पर आतंकियों ने हमला किया था, जिसमें 3 जवान और 2 पोर्टर की जान गई थी।

### मंदिर में मोबाइल ढूंढ रहे थे आतंकवादी

सुरक्षाबलों ने बताया कि आतंकवादी भट्टल इलाके में जंगल से लगे शिव आसन मंदिर में एक मोबाइल ढूंढ रहे थे। उन्हें किसी को कॉल करनी थी। इसी दौरान आर्मी की एंबुलेंस गुजरी और आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि पिछली रात बॉर्डर पार करके अखनूर में आए थे।

# अफगानिस्तान टीम ने पहला टूर्नामेंट जीता

- **इमर्जिंग एशिया कप में श्रीलंका को हराया**
- **किसी भी फॉर्मेट या ऐज ग्रुप में पहला खिताब**





अफगानिस्तान-ए ने पहली बार इमर्जिंग एशिया कप का खिताब जीत लिया है। टीम ने रविवार को अल अमीरात स्टेडियम में खेले गए फाइनल में श्रीलंका-ए को 7 विकेट से हराया। अफगानिस्तान क्रिकेट की यह ऐतिहासिक जीत है। टीम का क्रिकेट के किसी भी फॉर्मेट या ऐज ग्रुप टूर्नामेंट में यह पहला खिताब है।

अफगानिस्तान-ए की टीम ने साल 2017 और 2019 में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। इस बार वह पहली बार फाइनल में पहुंचे और खिताब भी जीत लिया।

मैच में श्रीलंका के कप्तान नुवानिदु फर्नांडो ने टॉस जीता और पहले बैटिंग करने का फैसला लिया। अफगानिस्तान के खिलाफ पहले खेलते हुए श्रीलंका ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 133 रन बनाए और अफगानिस्तान की टीम को जीत के लिए 134 रन का टारगेट दिया। जवाब में अफगानिस्तान ने 18.1 ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

अफगानिस्तान के लिए सेदिकुल्लाह अटल ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने इस टूर्नामेंट के सभी 5 मैचों में अर्धशतक लगाए।

### सेदिकुल्लाह की नॉटआउट हाफ सेंचुरी

अफगानिस्तान के लिए सेदिकुल्लाह अटल नाबाद 55 रन बनाए। करीम जनत ने 33 रन की पारी खेली। मोहम्मद इशाक ने नाबाद 16 रन बनाए। सहान अराचिगे, दुशान हेमंथा और ईशान मलिंगा को 1-1 विकेट मिला।

## दिवाली पर घर की सफाई के लिए ऑनलाइन बुलाए 2 लड़के

# लाखों के गहने चोरी कर हुए फरार





**मुंबई.** मुंबई में दिवाली की सफाई के दौरान लाखों की चोरी का मामला सामने आया है। 55 साल की महिला ने मोबाइल ऐप के जरिए क्लिनिंग सर्विस बुक की थी। इसके बाद 2 लड़के उसके घर पर आए और 4 लाख रुपये के गहने चोरी करके फरार हो गए। हालांकि, पुलिस ने इस मामले में 27 वर्षीय अरबाज खान को गिरफ्तार कर लिया है। 2 और लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की जा रही है। इस घटना से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से सफाई कर्मचारियों को काम पर रखने को लेकर बहस छिड़ गई। लोग सुरक्षा और विश्वसनीयता को लेकर चिंता जाहिर कर रहे हैं।

मुंबई में दहिसर के ऋषिकेश सोसायटी में रहने वाली लीना म्हात्रे ने दिवाली से पहले घर की सफाई का प्लान बनाया। इसके लिए उन्होंने 21 अक्टूबर को ऑनलाइन क्लिनिंग सर्विस बुक की। रिपोर्ट के मुताबिक, म्हात्रे ने बुकिंग के लिए NoBroker ऐप का इस्तेमाल किया था। इसके अगले दिन सुबह करीब 9 बजे दो लड़के उनके घर पहुंचे। वे दोनों घर की सफाई में जुट गए। म्हात्रे को बाद में पता चला कि उनकी अलमारी खुली है और सोने के गहने गायब हैं। यह नजारा देखकर वह बहुत परेशान हो गईं। उन्होंने पुलिस थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराने का फैसला लिया।

### 27 वर्षीय अरबाज खान गिरफ्तार

पुलिस अधिकारियों ने शुरुआती जांच के आधार पर 27 वर्षीय अरबाज खान को गिरफ्तार किया है, जिसे इस मामले में मुख्य संदिग्ध बताया जा रहा है। सोसायटी के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई है। इसके बाद, पुलिस ने 2 अन्य व्यक्तियों संतोष ओमप्रकाश यादव और सुफियान नजीर अहमद सौदार की पहचान की है। इन्हें हिरासत में ले लिया गया और उनसे पूछताछ जारी है। रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या ऐप नोब्रोकर ने अपने कर्मचारियों की जांच की थी। क्या ऐप ओनर्स की ओर से काम पर रखने से पहले उनका बैकग्राउंड वेरिफिकेशन किया गया था? नियम तो यही है कि ऐसे कर्मचारियों को घरों में काम पर भेजने से पहले पुलिस सत्यापन कराया जाए।

**आम सूचना**

मैं श्री विराज सुनील रोहिड़ा सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 15, पहला माला, बी विंग, कृपी को-ऑप हाउसिंग सोसायटी, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 37बीओ006713600) उक्त प्रॉपर्टी श्री किशोर श्यामलाल भागचंदानी के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 11.5.2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री विराज सुनील रोहिड़ा**

**आम सूचना**

मैं श्रीमती कबुतरी जगरु @ झगरु जैसवाल सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, ईएमटी कंपाउंड के पास, सी ब्लॉक रोड, शहाड फाटक, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 09एओ014932400) जगरु @ झगरु बरसाती जैसवाल का 25.5.2005 को निधन हुआ है। जगरु @ झगरु बरसती जैसवाल के नाम पर उपरोक्त प्रापर्टी है। श्री अशोक कुमार जगरु @ झगरु जैसवाल, श्री सुरेश जगरु @ झगरु जैसवाल व श्री रमेश कुमार जगरु @ झगरु जैसवाल के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 18.10.2024 सी.नं. 495/54/2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती कबुतरी जगरु अल्यास झगरु जैसवाल**

संक्षेप...

## उल्हास भोईर ने दाखिल की अपनी उम्मीदवारी

**कल्याण.** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने कल्याण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से उल्हास भोईर को उम्मीदवार बनाया है. पूर्व नगरसेवक उल्हास भोईर अपने मनसे शैली के आंदोलन के लिए जाने जाते हैं. मनसे द्वारा घोषित छठी सूची में उन्हें कल्याण पश्चिम से उम्मीदवार घोषित किया गया है. उल्हास भोईर ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए अपना नामांकन दाखिल किया.

# भाजपा ने उतारे सबसे ज्यादा 146 उम्मीदवार

### भाजपा की तीसरी लिस्ट में 25 उम्मीदवार

**मुंबई.** भारतीय जनता पार्टी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की तीसरी लिस्ट जारी कर दी है। तीसरी लिस्ट में कुल 25 उम्मीदवारों को जगह दी गई है। इसमें नागपुर-पश्चिम से सुधाकर कोहले और नागपुर-उत्तर से मिलिंद पांडुरंग माने को बनाया उम्मीदवार। भाजपा ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अभी तक कुल 146 उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। भाजपा ने अपनी पहली लिस्ट 20 अक्टूबर को जारी की थी। इस लिस्ट में 99 उम्मीदवारों को जगह दी गई थी।

पहली लिस्ट में डिप्टी सीएम देवेन्द्र फडणवीस और प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले समेत कई दिग्गजों के नाम थे। इसके बाद भाजपा ने दूसरी लिस्ट 27 अक्टूबर को जारी की थी। इस लिस्ट में 22



उम्मीदवारों के नाम शामिल थे। महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए 20 नवंबर को एक चरण में ही मतदान होने हैं, जबकि 23 नवंबर को नतीजों की घोषणा की जाएगी।

तीसरी लिस्ट में पार्टी ने नागपुर-पश्चिम से सुधाकर कोहले और नागपुर-उत्तर से मिलिंद पांडुरंग माने को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने नागपुर-मध्य सीट से प्रवीण प्रभाकरराव दटके, सावनेर से आशीष रंजीत देशमुख, कटोल से चरणसिंग ठाकुर, आर्वी से सुमित वानखेड़े, साकोली से अविनाश ब्राह्मणकर, चंद्रपुर से किशोर जोरगेवार, वसई से स्नेहा दुबे, बोरीवली से संजय उपाध्याय, वर्सोवा से भारती हेमंत लव्हेकर और लातूर शहर से अर्चना चाकुरकर को उम्मीदवार बनाया है।

इसी प्रकार कराड उत्तर सीट से मनोज घोरपड़े, मालशिरस से राम सतपुते, आष्टी से सुरेश धस, घाटकोपर पूर्व से पराग शाह और मुर्तिजापुर से हरीश पिंपले को टिकट दिया गया है। फडणवीस नागपुर दक्षिण-पश्चिम से पार्टी के उम्मीदवार हैं, जबकि प्रदेश इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, मंत्री गिरीश महाजन, सुधीर मुनगंटीवार, अतुल सावे जैसे वरिष्ठ नेताओं को भी टिकट दिया गया।

महाराष्ट्र में भाजपा महायुति गठबंधन का हिस्सा है और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ मिलकर चुनावी मैदान में है।

# सीएम शिंदे ने कोपरी-पाचपाखड़ी सीट से किया नामांकन

- **सीएम शिंदे ने रोड शो के जरिए दिखाई ताकत**



**ठाणे.** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को कोपरी-पचपाखड़ी सीट से नामांकन दाखिल किया। इस दौरान सीएम शिंदे ने रोड शो के जरिए अपनी ताकत दिखाई। सीएम शिंदे के नामांकन में केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले भी मौजूद रहे। नामांकन से पहले सीएम शिंदे ने अपने स्वर्गीय राजनीतिक गुरु आनंद दिघे को श्रद्धांजलि अर्पित की। गौरतलब है कि शिंदे का मुकाबला शिवसेना (यूबीटी) के उम्मीदवार केदार दिघे से होगा, जो आनंद दिघे के भतीजे हैं।

नामांकन के लिए घर से निकलने से पहले शिंदे ने आनंद आश्रम में दिवंगत दिघे को श्रद्धांजलि दी और आरती की। वह रथ के रूप में तैयार एक वाहन में सवार हुए। सीएम शिंदे के रोड शो में सैकड़ों समर्थक शामिल हुए, जिन्होंने हाथों में शिवसेना के झंडे थामे हुए थे और वे मुख्यमंत्री के बड़े पोस्टर लिए हुए थे। शिंदे का रोड शो मोडेला चेक नाका स्थित दत्त मंदिर से शुरू हुआ और ठाणे की मुख्य सड़कों से होकर गुजरा। आईटीआई केंद्र तक पहुंचने तक रोड शो लगभग दो घंटे चला। आईटीआई केंद्र में शिंदे ने दोपहर 1.30 बजे के बाद अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की समय सीमा मंगलवार को समाप्त हो रही है।

### शिंदे बोले- ये विकास बनाम विनाश की लड़ाई

नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले सीएम शिंदे ने संत एकनाथ महाराज के वंश के योगीराज महाराज गोस्वामी से आशीर्वाद लिया। हरे और केसरिया रंग के दुपट्टे से सजे शिंदे के रथ पर शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे, प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और आनंद दिघे की तस्वीरें लगी थीं। शिंदे ने जीत का भरोसा जताया और महायुति और एमवीए के बीच चुनावी मुकाबले को विकास और गैर-विकास के बीच एक महत्वपूर्ण विकल्प बताया। शिंदे ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'यह विकास और विनाश के बीच की लड़ाई है।' उन्होंने पिछले ढाई साल में राज्य सरकार द्वारा किए गए विकास के कामों को गिनाया। शिंदे 2009 से शिवसेना (अविभाजित) उम्मीदवार के रूप में कोपरी-पचपाखड़ी निर्वाचन क्षेत्र में अपराजित रहे हैं।

# शरद पवार बोले- 90 से 95% सीटों पर सहमति बनी



**मुंबई.** शरद पवार ने कहा कि विपक्षी महा विकास अघाड़ी (MVA) राज्य की कुल 288 सीटों में से 90 से 95 प्रतिशत सीटों पर आम सहमति पर पहुंच गई है। हमारी लड़ाई उन लोगों के खिलाफ है जिन्होंने राजनीतिक दलों में फूट डाली और विचारधारा से समझौता किया। जो लोग सत्ता में हैं, उन्होंने लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं किया।

### युगेंद्र के चुनाव लड़ने पर अजित बोले- हर किसी को चुनाव लड़ने का अधिकार

बारामती सीट से युगेंद्र के चुनाव लड़ने पर अजित पवार ने कहा- हर किसी को चुनाव लड़ने का अधिकार है। जब भी मेरे खिलाफ कोई उम्मीदवार आता है तो मैं उसे मजबूत उम्मीदवार के तौर पर लेता हूं और उसी के हिसाब से प्रचार करता हूं। इस बार भी बारामती की जनता मुझे ही चुनेगी और मुझे उन पर पूरा भरोसा है।

### युगेंद्र बोले- लड़ाई मुश्किल नहीं, लेकिन आसान भी नहीं

युगेंद्र ने कहा- अजित पवार के खिलाफ लड़ाई मुश्किल नहीं होगी, लेकिन आसान भी नहीं होगी। बारामती के लोग पवार साहब के साथ हैं। पवार साहब ने यही बात लोकसभा में भी दिखाई थी। यह काफी दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है कि परिवार में यह सब हो रहा है। इसकी शुरुआत लोकसभा चुनाव से हुई थी।

# अवैध पोस्टर-बैनर पर तत्काल कार्रवाई करें

- **मनपा आयुक्त सौरभ राव ने दिया निर्देश**



**ठाणे.** विधानसभा चुनाव के दौरान बिना परमिशन के लगे हुए दीपावली की शुभकामना आदि जैसे पोस्टर, बैनर,बोर्ड पर सहायक आयुक्त तत्काल कार्रवाई करने के लिए मनपा आयुक्त सौरभ राव ने दिया निर्देश।

मनपा के नागरी संशोधन केंद्र में सोमवार को विभागप्रमुखों के साथ में मनपा आयुक्त सौरभ राव ने एक बैठक लिया जिसमें अनधिकृत पोस्टर,बैनर,बोर्ड पर कड़क कार्रवाई करने के लिए दिया निर्देश।आचार संहिता लागू होने के बाद शहर के सभी क्षेत्रों में बैनर ,पोस्टर मनपा ने निकाल दिया था लेकिन दीपावली पर्व पर फिर से शुभकामना संदेश का बैनर लग सकता है ऐसी स्थिति में जिसको जिलाधिकारी कार्यालय से परमिशन है उसको छोड़कर अन्य बिना परमिशन वाले पर कड़क कार्रवाई किया जाय यह बात आयुक्त राव ने बैठक में स्पष्ट कहा।इस बैठक में अतिरिक्त आयुक्त (1) संदीप मालवी, अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे, नगर अभियंता प्रशांत सोनाग्रा सहित सभी उपायुक्त, परिमंडल उपायुक्त, सहाय्यक आयुक्त, विभागप्रमुख उपस्थित थे।उपायुक्त (मुख्यालय) जी. जी. गोदेपुरे ने बैठक का संचालन किया।साथ ही बैठक में आयुक्त राव ने मतदाता के सुविधा की दृष्टि से सभी चुनाव अधिकारी पीने के लिए पानी,बैठने आदि की व्यवस्था करें ताकि मतदाता का दुर्व्यवहार नही हो इसका विशेष ध्यान रखना है।

# भिवंडी पश्चिम से विलास पाटिल ने ठोंकी ताल

- **हजारों समर्थकों के साथ किया नामांकन**
- **चुनाव मैदान में उतरे सभी नेताओं के उड़े होश**



**भिवंडी.** भिवंडी शहर के पूर्व महापौर विलास आर पाटिल ने हजारों समर्थकों के साथ कामतघर वराला देवी तालाब स्थित सहायक चुनाव अधिकारी के कार्यालय पहुंचकर अपक्ष प्रत्याशी के तौर पर नामांकन पत्र दाखिल किया. शिवाजी चौक से कामतघर तक निकली रैली में हजारों की संख्या में सर्वधर्म समुदाय के लोग मौजूद थे. गौरतलब हो कि, भिवंडी शहर के पूर्व महापौर विलास आर पाटिल ने शिवाजी चौक स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की अश्वारूढ़ प्रतिमा को माल्यार्पण,नमन कर हजारों समर्थकों के साथ चुनावी रैली का श्रीगणेश किया. शिवाजी चौक से सर्वधर्म समुदाय की विशाल रैली में हजारों की संख्या में महिला, पुरुष ₹विलास पाटिल आगे बढ़ो₹ हम तुम्हारे साथ हैं₹ का गगनभेदी नारा लगाते हुए मंडई, गौरीपाडा, धामणकर नाका,वराला देवी मंदिर से कामतघर स्थित सहायक चुनाव अधिकारी कार्यालय पहुंचकर विलास आर पाटिल ने चुनाव अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया.

विदित हो कि, पूर्व महापौर विलास पाटिल ने कांग्रेस पार्टी से टिकट मांगा था लेकिन नहीं मिलने पर अपक्ष के तौर पर नामांकन किया है.विलास पाटिल ने चुनाव जीतकर शहर के सर्वांगीण विकास का भरोसा जनता को दिया है. समर्थकों को आशा है कि, कांग्रेस पार्टी घोषित प्रत्याशी दयानंद चोरघे का टिकट काटकर विलास पाटिल को दे सकती है. पूर्व महापौर विलास पाटिल के चुनाव मैदान में उतरने से भिवंडी पश्चिम से चुनाव समर में ताल ठोकने वाले उम्मीदवारों के समक्ष कड़ी चुनौती खड़ी होने से इनकार नहीं किया जा सकता है.भिवंडी पश्चिम सीट से भाजपा विधायक महेश चौगुले, सपा से रियाज आजमी एवं मनसे से मनोज गुलवी मैदान में है. नामांकन के आखिरी दिन आज एमआईएम सहित अन्य प्रत्याशी नामांकन दाखिल कर सकते हैं.

# मनपा अधिकारियों पर दर्ज हो आपराधिक मामला

- **सामाजिक कार्यकर्ता परमेश्वर अंभोरे की पुलिस से मांग**

▶▶|उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भिवंडी मनपा प्रभाग समिति क्रमांक 3 अंतर्गत शास्त्री नगर एरिया में 7 दिन पूर्व 4 मंजिला अवैध इमारत निर्माण के दौरान बिल्डिंग मटेरियल लेकर जा रही ट्राली जमीन पर गिरने से गरीब मजदूर की मौत हो गई थी. सामाजिक कार्यकर्ता परमेश्वर अंभोरे ने भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक को लिखितपत्र देकर अवैध निर्माण पर अंकुश लगाने में अक्षम मनपा आयुक्त अजय वैद्य, क्षेत्रीय सहायक आयुक्त सुरेंद्र भोईर के ऊपर कानूनी प्रावधानों के तहत आपराधिक मामला दाखिल किए जाने की मांग की है.

गौरतलब हो कि, भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक को दिए शिकायत पत्र में सामाजिक कार्यकर्ता परमेश्वर अंभोरे ने बताया है कि, भिवंडी शहर में मनपा अधिकारियों की मिलीभगत से बहुमंजिला इमारतों का अवैध निर्माण बिल्डरों द्वारा जोरों से शुरू है.शिकायत के बाद भी भ्रष्ट अधिकारी कोई एक्शन नहीं लेते हैं. आश्चर्यजनक है कि, भिवंडी शहर में अवैध निर्माण रोकने के लिए माननीय हाईकोर्ट द्वारा 2022 में पारित आदेश का पालन भिवंडी मनपा नहीं कर रही है.माननीय हाईकोर्ट द्वारा अवैध निर्माण पर अंकुश लगाने की खातिर मनपा आयुक्त, अतिक्रमण उपायुक्त, पुलिस उपायुक्त, संबंधित एरिया वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, क्षेत्रीय सहायक आयुक्त की एसआईटी कमेटी बनाकर अवैध निर्माणों को रोकने की जिम्मेदारी सौंपी गई है. हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार, शहर में इमारतों का अवैध निर्माण होने पर संबंधित अधिकारी ही पूर्णतया जिम्मेदार होंगे. शास्त्री नगर में अवैध निर्माण होने के दौरान ट्राली गिरने से हुई मजदूर अकबर सैय्यद की दर्दनाक मौत की जिम्मेदारी भ्रष्ट, लापरवाह अधिकारियों की है. गरीब मजदूर की हुई मौत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित मनपा अधिकारी वर्ग पर हाईकोर्ट के कानूनी प्रावधानों के तहत आपराधिक मामला दाखिल होना चाहिए.

# अखिल भारतीय विराट हास्य कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन

**ठाणे.** राजस्थान प्रगती मंडल की ओर से दीपावली स्नेह सम्मेलन व अखिल भारतीय विराट हास्य कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन 4 नवंबर शाम को काशीनाथ घाणेकर नाट्यगृह में आयोजित किया जायेगा।संस्था के अध्यक्ष राकेश मोदी ने बताया कि हमारी संस्था 50 साल से धार्मिक, सामाजिक,शैक्षणिक,स्वास्थ्य पर कार्य करती है।उन्होंने बताया कि समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महेश वंशीधर अग्रवाल को भामाशाह और सुभाष अग्रवाल को ठाणे गौरव सम्मान से सम्मानित किया जायेगा।साथ ही सुरेश टिबरेवाल को उद्योग रत्न व डॉ उमा बंसल व डॉ मंजुश्री बिर्ला को स्वास्थ्य रत्न से सम्मानित किया जायेगा।साथ ही समाज के अन्य विभूतियों को राजस्थान शिरोमणि से जिसमें ओमप्रकाश शर्मा, रामचंद्र तोदी, प्रदीप गोयनका, उमाशंकर रूंगटा,राजेश हलवाई, विश्वनाथ बगड़िया, राजकुमार झुनझुनवाला आदि का सम्मान होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चंद्रकांत जाजोदिया, राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे,सांसद नरेश म्हस्के, विधायक प्रताप सरनाईक, संजय केलकर होंगे।

STAFF REQUIRED
SINDHI MALE
Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT
&
For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475

# शिल्पा शेट्टी के बास्टियन क्लब से BMW चोरी

- **चोर ने हैकिंग के जरिए खोली कार, लेकर हुआ फरार**



बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के मुंबई स्थित बास्टियन रेस्टोरेंट से एक BMW Z4 कार चोरी होने का मामला सामने आया है।

यह कार बांद्रा बेस्ड बिजनेसमैन और कार कलेक्टर रुहान खान की थी, जिसकी कीमत लगभग 1 करोड़ रुपए है। रुहान ने शिवाजी पार्क पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है।

### पार्क करने के एक मिनट बाद ही चोरी हुई कार

रुहान बीते 27 अक्टूबर को रात 2 बजे अपने दोस्तों के साथ दादर स्थित मशहूर बास्टियन क्लब पहुंचे। यहां उन्होंने क्लब के वैलेट को कार पार्क करने के लिए दी।

वैलेट ने कार को बेसमेंट में पार्क कर दिया। कार पार्क करने के बमुश्किल एक मिनट के अंदर ही एक जीप में सवार दो लोग बेसमेंट में पहुंचे। कार को हैकिंग के जरिए खोला और लेकर फरार हो गया। यह पूरी घटना CCTV में कैद हो गई।

इसके बाद सुबह 4 बजे जब क्लब बंद होने पर रुहान ने वैलेट से अपनी कार लाने के लिए कहा तो पता चला कि उनकी कार बेसमेंट में नहीं है। CCTV फुटेज की जांच करने पर पता चला कि कार चोरी हो हो गई है।

रुहान के वकील अली काशिफ खान देशमुख ने बताया कि शिवाजी पार्क पुलिस ने जांच के बाद तुरंत मामला दर्ज कर लिया। पुलिस अब सड़कों पर लगे सभी CCTV के जरिए आरोपियों को खोजने का प्रयास कर रही है।

### सुरक्षा में हुई चूक पर उठाए सवाल

वकील ने क्लब की सुरक्षा में हुई चूक और तय समय से अधिक देर तक रेस्टोरेंट के खुले रहने पर भी सवाल उठाए। इसके साथ ही उन्होंने खुलेआम शराब परोसने को कानून का उल्लंघन भी बताया। उन्होंने कहा कि यह मामला अब उच्च न्यायालय में ले जाया जाएगा।

## कल्याण स्टेशन के स्काईवॉक पर एक यात्री को लूटा

**कल्याण.** कल्याण रेलवे स्टेशन के स्काईवॉक पर रात में दो अज्ञात युवकों ने एक 21 वर्षीय युवक को लूट लिया. चोरों ने एक युवा यात्री का सात हजार से अधिक कीमत का बैग, मोबाइल फोन चोरी कर लिया। महात्मा फुले पुलिस ने युवक की शिकायत पर मामला दर्ज किया. शिकायतकर्ता का नाम मेहरान शाइस्ता मेमन (21) है। वह कौसा मुंब्रा इलाके में रहता है।

पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता मेहरान मेमन कल्याण रेलवे स्टेशन के स्काईवॉक से प्लेटफॉर्म की ओर आ रहा था. जब मेहरान चल रहा था तो अज्ञात युवक ने उसके सिर में मुक्का मार दिया। अचानक हुई इस घटना से फरियादी घबरा गया। मारपीट करने वाले युवक मेहरान से बैग मांगने लगे।

उसने बैग देने से इंकार कर दिया, तो लुटेरों में से एक ने अपने हाथ से स्टील का ब्लेड निकाला और शिकायतकर्ता के सिर पर जोर से वार किया। मेहरान के सिर से खून बहने लगा। रात का समय होने के कारण स्काईवॉक पर ट्रैफिक कम था। दोनों युवकों ने आक्रामक होकर मेहरान को पकड़ लिया और उससे बैग छीन लिया। उसने उसका मोबाइल फोन, कलाई घड़ी छीन ली और भाग गया। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण मेहरान का अस्पताल में इलाज चल रहा था। ठीक होने के बाद उन्होंने महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई.




उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25 Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you

| | |
|---|---|
| Pageviews yesterday | 2,763 |
| Pageviews last month | 76,471 |
| Pageviews all time history | 1,007,712 |
| Followers | 168 |

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099